**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-2669**
**बुधवार, 11 अगस्त, 2021/20 श्रावण, 1943 (शक)**

**पड़ोसी देशों के साथ बेरोजगारी दर की तुलना**

**2669. श्री के.टी.एस. तुलसीः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

वर्ष 2020 और वर्ष 2021 की पहली छमाही के दौरान पड़ोसी देशों की तुलना में देश की बेरोजगारी दर का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

रोजगार/बेरोजगारी से संबंधित आंकड़े, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित किए जाने वाले आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से 2017-18 से एकत्र किए जा रहे हैं। वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट जुलाई से जून की सर्वेक्षण अवधि को शामिल करती है। नवीनतम उपलब्ध रिपोर्ट वर्ष 2019-20 की है। 2019-20 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणामों के अनुसार, देश में सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर 4.8% है।

वर्ष 2020 के लिए पड़ोसी देशों के साथ तुलनात्मक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

****